Any change in venue or date will be displayed at the auction center. If, for any reason, the auction of any deposited security cannot be conducted or completed on the scheduled date mentioned herein, PFL reserves the right to conduct or reschedule the said auction on any subsequent date and time with same terms and conditions with further notice. If the borrower is deceased, then all the conditions pertaining to auction will be applicable to the nominee/legal heir.

Details of loans taken for auction:

Sl. No.	Loan Account No/s	Borrower Name	Loan Amount (Rs.)	Dues (Rs.)	Number of Jewelry Items	Gross Weight of Jewelry (gm)	Auction Place	Branch Address
1	GL0030650000000257510	MOHD DILSHAD	155500	169496	4	14	Moga	Ground Floor, Showroom No 31, Adjoining Yes Bank, Ferozpur Road, Opposite Gandhi Road, Improvement Trust Market, Moga, Punjab-142001
2	GL0030660000000284013	MANDEEP SINGH	241400	259111	5	20.524	Moga	Ground Floor, Showroom No 31, Adjoining Yes Bank, Ferozpur Road, Opposite Gandhi Road, Improvement Trust Market, Moga, Punjab-142001
3	GL0031410000000300386	RAJ KUMAR	422300	450396	5	38.4	Moga	Ground Floor, Showroom No 31, Adjoining Yes Bank, Ferozpur Road, Opposite Gandhi Road, Improvement Trust Market, Moga, Punjab-142001

Terms and Conditions:

1. The Auction shall be carried out strictly on an "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS" and "WHATEVER THERE IS" basis and PFL does not make any representation or warranties, express or implied regarding the quality, caratage, purity, weight or valuation of the said gold jewelry.
2. Prospective bidders shall produce valid PAN Card, Aadhaar Card and other KYC documents before participating in the auction and such documents shall be suitably verified by PFL.
3. Prospective bidders are solely responsible for inspecting and satisfying themselves regarding the condition, caratage, purity, weight or valuation of the said gold jewelry prior to placing their bids. Inspection of Gold will be permitted to the prospective bidders on the date of auction and scheduled auction site. No objections, claims or references shall be entertained in relation to the Gold after the commencement of auction proceedings.
4. All bids shall be subject to a minimum reserve price determined by PFL in accordance with applicable regulatory norms. PFL retains sole discretion to finalize the reserve price and impose any additional conditions as deemed necessary.
5. The bidder shall not amend, modify, or withdraw its bid once it is received by PFL. PFL shall be entitled to forfeit the minimum reserve price if the bidder amends, modifies or withdraws the original bid without the consent of PFL.
6. The bids received by PFL will be opened on the date of the auction and the highest bidder would be considered as the successful bidder, subject to deposit of the balance bid amount (after adjusting the minimum reserve price already paid) immediately upon completion of the auction and in any event not later than communicated by PFL.
7. PFL reserves the right to postpone, adjourn, modify, suspend, or cancel the auction proceedings without prior notice and without assigning any reason. PFL also reserves the right to accept or reject any bid(s), in whole or in part, and any such decision shall be final and binding on all the participants.
8. Details of defaulting borrower(s), the deposited jewelry and other details have been displayed at the respective branches.
9. The defaulting Borrower(s) may redeem the said gold jewelry by clearing entire outstanding dues and by closing or regularizing the loan account at any time before the scheduled date and commencement of the auction. Failing such payment, the said gold jewelry shall be sold by public auction, and any residual dues shall remain recoverable from the borrower(s). Accounts closed or regularized after publication of this notice shall be liable for proportionate publication and auction expenses.
10. Borrowers are requested to submit/update their latest bank account details to enable timely refund of excess auction proceeds, if any.

For detailed information, terms and conditions, contact the branch office concerned of Poonawalla Fincorp Limited.

Date : 07.11.2026
Place : MOGA

Authorised Officer
For Poonawalla Fincorp Limited

More Newspapers and Magazines telegram group join Search https://t.me/NewsTG8 (NewsTG8) ya Whatsapp ya telegram message this Number 8890050582

संक्षिप्त समाचार

एनसीएलटी ने एसबीआई के 12,668 करोड़ के बकाया मामले में वेणुगोपाल धूत को घोषित किया दिवालिया

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की 12,668



करोड़ रुपए के बकाये के मामले में दायर याचिका स्वीकार कर ली और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के पूर्व प्रवर्तक एवं निदेशक वेणुगोपाल नंदलाल धूत को दिवालिया घोषित कर दिया है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने धूत के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया संचालित करने के लिए एक दिवाला न्यासी भी नियुक्त किया है। धूत ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की ओर से एसबीआई और उसके पूर्व सहयोगी बैंकों से ली गई ऋण सुविधाओं के लिए व्यक्तिगत गारंटी दी थी। इन सहयोगी बैंकों का बाद में एसबीआई में विलय हो गया था। एनसीएलटी की दो सदस्यीय पीठ ने बृहस्पतिवार को पारित आदेश में कहा, यहां व्यक्तिगत गारंटर वेणुगोपाल नंदलाल धूत को दिवालिया घोषित किया जाता है। एनसीएलटी ने दिवाला न्यासी को निर्देश दिया कि वह धूत के लेनदारों से दावे आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी करे। उसने कहा कि दिवालिया (धूत) की संपत्ति उनके लेनदारों के बीच बांटी जाएगी। धूत को दिवाला कार्यवाही शुरू होने की तारीख से सात दिन के भीतर अपनी वित्तीय स्थिति का विवरण दिवाला न्यासी को सौंपने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया, दिवालिया (धूत) इस आदेश की तारीख यानी दिवाला प्रक्रिया शुरू होने की तारीख से सात दिन के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपनी वित्तीय स्थिति का विवरण दिवाला न्यासी को सौंपेंगे। पीठ ने कहा कि दिवाला न्यासी 90 दिन के भीतर न्यायाधिकरण और लेनदारों की समिति को प्रारंभिक रिपोर्ट भी सौंपेगा। इसके बाद उसे हर तिमाही में प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।
इस पीठ में न्यायिक सदस्य विनय गोयल और तकनीकी सदस्य चरणजीत सिंह गुलाटी शामिल थे।

डबल मुनाफे के बाद टाइटन शेयर ने पकड़ी रफ्तार, 6150 तक जा सकता है भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। शानदार तिमाही नतीजे के बाद टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन कंपनी लिमिटेड के शेयर में जबरदस्त उछाल आया। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को टाइटन कंपनी लिमिटेड के शेयर 4,831.55 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले करीब 4 पर्सेंट उछलकर 5,000 रुपये के स्तर के पार कर गया। इसी के साथ शेयर अपने 52 हफ्ते हाई के करीब आ गया है। बता दें कि शेयर के 52 हफ्ते का हाई 5,187.45 रुपये है। शेयर का यह भाव अगस्त 2026 में था। शेयर के फ्यूचर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश भी हैं। आइए शेयर के टारगेट प्राइस और तिमाही नतीजे के बारे में जान लेते हैं। ब्रोकरेज नोमुरा ने टाइटन के शेयर पर अपनी 'खरीदें' रेटिंग को बरकरार रखा है और इसका टारगेट प्राइस 5425 प्रति शेयर से बढ़ाकर 6150 प्रति शेयर कर दिया है। यह इस शेयर के लिए अब तक का सबसे ऊंचा टारगेट प्राइस है। इसके अलावा, जेफरीज ने टाइटन के शेयर पर अपनी रेटिंग को अपग्रेड करके 'बाय' की रेटिंग दी है और इसका टारगेट प्राइस बढ़ाकर 6,000 कर दिया है। वहीं, क्रेडिट सुइस और सिटी ने भी अपनी 'बाय' रेटिंग बरकरार रखी है। जेपी मॉर्गन की रेटिंग 'न्यूट्रल' है। चालू वित्त वर्ष की जुलाई- सितंबर तिमाही में टाइटन कंपनी लिमिटेड का मुनाफा दोगुने से अधिक होकर 2,393 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,120 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। टाइटन ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में परिचालन से कंपनी का राजस्व 23.54 प्रतिशत बढ़कर 20,337 करोड़ रुपये हो गया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 16,461 करोड़ रुपये था।

अडानी की झोली में आएगी एक और विदेशी कंपनी

यूरोप की इवोस के साथ 27 हजार करोड में होगी डील

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी ग्रुप अपने बिजनेस का विस्तार करने के लिए लगातार दूसरी कंपनियों का अधिग्रहण कर रहा है। अब अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन यूरोप की लिक्विड स्टोरेज कंपनी इवोस बीवी का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि यह सौदा 2.88 अरब डॉलर (करीब 2.56 अरब यूरो यानी करीब 27 हजार करोड़ रुपये) के एंटरप्राइज वैल्यू पर होगा। यह पूरी तरह नकद में होने वाला सौदा है। इवोस की वैल्यू 1.18 अरब यूरो आंकी गई है। यह सौदा कंपनी के साल 2025 के श्रङ्क/ईबीआईटीडीए के 11.7 गुना पर हुआ है। अधिग्रहण के लिए अडानी पोर्ट्स कर्ज के जरिए रकम जुटाएगी। हालांकि इस सौदे को नियामकीय मंजूरी और दूसरी जरूरी मंजूरियां मिलना बाकी है। इसके अलावा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की जाएगी।

कैलेंडर ईयर 2025 में 392 मिलियन यूरो का रेवेन्यू दर्ज किया था। इस दौरान कंपनी का ईबीआईटीडीए 219 मिलियन यूरो रहा। कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन 56% था। अडानी पोर्ट्स के वित्तीय आंकड़ों के आधार पर दोनों कंपनियों का संयुक्त नेट डेट-टू-ईबीआईटीडीए अनुपात 2.76 गुना रहने का अनुमान है। इसके वित्त वर्ष 2027 तक घटकर करीब 2.5 गुना होने की उम्मीद है।

इवोस का अधिग्रहण कंपनी के 1 अरब टन कार्गो संभालने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है। इससे कंपनी को दुनिया के प्रमुख लिक्विड स्टोरेज और ऊर्जा केंद्रों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस सौदे से कंपनी को यूरोप के ऊर्जा बाजार में अपनी जगह मजबूत करने और वहां स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ते



बदलाव में भागीदारी का मौका मिलेगा।

इवोस यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी स्वतंत्र लिक्विड स्टोरेज कंपनी है। यह कंपनी पेट्रोल, डीजल, समुद्री जहाजों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन और विमान ईंधन के भंडारण का काम करती है। इसके अलावा कंपनी सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल , बायोफ्यूल, मेथनॉल और बायोएथेनॉल जैसे नए ईंधनों से जुड़े कारोबार में भी मौजूद है। कंपनी के पास नीदरलैंड, जर्मनी, स्पेन, बेल्जियम और माल्टा में बंदरगाहों पर बने टर्मिनल हैं। इनकी कुल स्टोरेज क्षमता 63 लाख क्यूबिक मीटर है। कंपनी ने साल 2025 में 3.7 करोड़ मीट्रिक टन सामान का संचालन किया था। अडानी ग्रुप ने साल 2014 से लेकर अब तक कई बड़ी कंपनियों और संपत्तियों का किया अधिग्रहण है।

पोर्ट और लॉजिस्टिक्स में बढ़ाया नेटवर्क

अडानी ग्रुप का पारंपरिक कारोबार पोर्ट और लॉजिस्टिक्स से जुड़ा रहा है। इस क्षेत्र में भी समूह ने कई बड़े अधिग्रहण किए हैं। आंध्र प्रदेश के गंगावरम पोर्ट और कृष्णापट्टनम पोर्ट को समूह ने अपने पोर्ट नेटवर्क में शामिल किया। इसके अलावा, समुद्री सेवाएं देने वाली कंपनी ओशन स्पार्कल का भी अधिग्रहण किया गया। अडानी ग्रुप ने एयरपोर्ट सेक्टर में भी तेजी से विस्तार किया। लक्ष्य ग्रुप के साथ हुए सौदे के जरिए मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण हासिल किया गया। इसके अलावा नवी मुंबई एयरपोर्ट परियोजना में भी समूह की बड़ी हिस्सेदारी है। समूह को अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर, लखनऊ, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी भी मिली। इन एयरपोर्ट को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत लीज पर लिया गया था। अडानी ग्रुप ने बिजली और ऊर्जा कारोबार में भी अधिग्रहण के जरिए अपनी मौजूदगी बढ़ाई। दिसंबर 2017 में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के पावर ट्रांसमिशन कारोबार से जुड़ी संपत्तियों के अधिग्रहण का सौदा किया गया था। इस सौदे की कीमत करीब 18,800 करोड़ रुपये बताई गई थी। मीडिया सेक्टर में अडानी ग्रुप ने साल 2022 में एएमजी मीडिया नेटवर्क्स के जरिए एनडीटीवी का अधिग्रहण किया। इससे अडानी ग्रुप ने मीडिया कारोबार में भी कदम रखा।

वाहन खुदरा बिक्री अक्टूबर में 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख इकाई रही: फाडा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर 23.8 प्रतिशत घटकर 31.72 लाख से अधिक इकाई रह गई। उद्योग निकाय फाडा ने यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार, बिक्री में यह गिरावट इसलिए भी रही क्योंकि इस साल धनतेरस और दिवाली नवंबर में पड़ रहे हैं, जबकि पिछले साल नवरात्र तथा दिवाली दोनों अक्टूबर में थे। इसके अलावा, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद पिछले साल मांग में आई तेज उछाल का भी असर था। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 28.35 प्रतिशत घटकर 23.21 लाख इकाई रही, जबकि यात्री वाहनों की बिक्री 4.23 प्रतिशत फिसलकर 5.08 लाख इकाई पर आ गई। फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, अक्टूबर भारत में साल का सबसे बड़ा खुदरा बिक्री वाला महीना होता है और इस साल इसके आंकड़ों को त्योहारों के कैलेंडर को ध्यान में रखकर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सालाना आधार पर आई गिरावट लगभग पूरी तरह आंकड़ों में दिखने वाला असर है। गिरिधर ने कहा, पिछले साल अक्टूबर असाधारण महीना था, जब नवरात्र और दीपावली दोनों एक साथ पड़े थे। इसके अलावा, 22 सितंबर, 2025 को जीएसटी दरों में कटौती के बाद दबी हुई मांग भी बाजार में आई थी।

मृत कर्मचारी के जीपीएफ पैसा पर पहला हक परिवार का



नई दिल्ली , एजेंसी। जीपीएफ यानी कि जनरल प्रोविडेंट फंड सरकार की एक पेंशन योजना है। इसे आसान भाषा में समझें तो यह पुरानी पेंशन योजना का पालन करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए एक रिटायरमेंट योजना है। इस योजना की खास बात यह है कि इसकी सुविधा एनपीएस और यूपीएस से जुड़े कर्मचारियों को नहीं मिलती है। अब केंद्र सरकार ने जीपीएफ को लेकर एक नियम की जानकारी दी है। आमतौर पर देखा जाता था कि सरकारी कर्मचारियों की असामयिक मृत्यु के बाद उनके प्रोविडेंट फंड के पैसों को लेकर विवाद हो जाता था। सवाल यह होता था कि यह पैसा बाहरी नॉमिनी को दिया जाएगा या उनकी फैमिली को। अब इस झंझट को सरकार ने खत्म कर दिया है। आइए जानते हैं पूरी खबर।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते 29 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने जीपीफ फंड को लेकर एक बड़ा फैसला किया। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने अपने ऑफिस मेमोरैंडम में नियमों को स्पष्ट करते हुए बताया कि मृत कर्मचारियों के जीपीएफ का पैसा किसे मिलेगा। सरकार ने यह साफ कर दिया है कि किसी सरकारी कर्मचारी के निधन पर जब मामला उसके जीपीएफ फंड के क्लेम और भुगतान का आएगा तो इसपर पहला हक उसके परिवार का होगा। सरकार ने यह भी बताया कि बाहरी नॉमिनी होने के बावजूद भी मृत कर्मचारी के जीपीएफ पैसा पर पहला हक उसकी फैमिली (परिवार) का ही होगा। हर महीने बचत करके कैसे बनाएं मोटा पैसा बड़े काम के हैं निवेश के ये ऑप्शन; आपने देखा क्यायह भी पढ़ें:हर महीने बचत करके कैसे बनाएं मोटा पैसा बड़े काम के हैं निवेश के ये ऑप्शन; आपने देखा क्या सरकार ने जीपीएफ पैसा को लेकर दो स्थितियों को स्पष्ट किया है। पहली कि जब कर्मचारी की मृत्यु जीपीएफ का पैसा भुगतान होने से पहले हो जाती है। दूसरी स्थिति कि जब कर्मचारी की मृत्यु हो गई होती है, पैसा भुगतान हो चुका है या भुगतान होना बाकी है। सरकार ने अपने नियम में यह बात साफ किया है कि यदि सरकारी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है और जब नॉमिनी परिवार से ही होता है तो उसे जीपीएफ का पूरा पैसा मिलेगा। अगर नॉमिनी में एक से अधिक लोग हैं तो पैसा नॉमिनेशन में दिए गए हिस्से (अनुपात) के हिसाब से बांट दिया जाएगा। आखिर रिटायरमेंट प्लानिंग की इतनी जरूरत क्यों इन 5 बातों से समझें इसकी अहमियतयह भी पढ़ें:आखिर रिटायरमेंट प्लानिंग की इतनी जरूरत क्यों इन 5 बातों से समझें इसकी अहमियत जब नॉमिनी परिवार से ना हो, या कोई वैध नॉमिनी ना हो या फिर जहां नॉमिनेशन में केवल आधी-अधूरी राशि का ही जिक्र किया गया हो तो ऐसे में जीपीएफ का पूरा पैसा मृत कर्मचारी की फैमिली को दे दी जाएगी। उसके परिवार के योग्य सदस्यों को यह पैसा बराबर-बराबर करके बांट दिया जाएगा। अगर नॉमिनी परिवार से नहीं बल्कि बाहर से है तब भी जीपीएफ का पैसा फैमिली को ही दी जाएगी। यानी इस पैसे के भुगतान के लिए फैमिली को प्राथमिकता दी गई है। इमरजेंसी के समय नहीं होगी पैसों की दिक्कत, ये 2 फॉर्मूले बड़े काम के; आपने देखा क्यायह भी पढ़ें:इमरजेंसी के समय नहीं होगी पैसों की दिक्कत, ये 2 फॉर्मूले बड़े काम के; आपने देखा क्या जीपीएफ का पूरा नाम जनरल प्रोविडेंट फंड है। सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद जीपीएफ का पैसा किसे मिलेगा सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद जीपीएफ का पैसा उसकी फैमिली को मिलेगा। मृत सरकारी कर्मचारी के जीपीएफ क्लेम पर केंद्र सरकार के किस मंत्रालय ने नया नियम बताया है मृत सरकारी कर्मचारी के जीपीएफ क्लेम पर केंद्र सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने नया नियम बताया है। क्या जीपीएफ का फायदा एनपीएस और यूपीएस से जुड़े कर्मचारियों को मिलता है जीपीएफ का फायदा एनपीएस और यूपीएस से जुड़े कर्मचारियों को नहीं मिलता है। जीपीएफ के पैसे के लिए क्या मृत कर्मचारी का वयस्क बेटा हकदार होगा जीपीएफ के पैसे के लिए मृत कर्मचारी का वयस्क बेटा हकदार नहीं होगा। हालांकि, अगर उसका नॉमिनी में नाम है तब वह हो सकता है।

2.5 ट्रिलियन स्वाहा! अमेरिकी शेयर बाजार में हाहाकार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका के शेयर बाजार में गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली। देश में हाल में हुए मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स की जीत के कारण निवेशकों को आशंका है कि एआई पर हो रहे भारी निवेश पर ब्रेक लग सकता है। इससे टेक शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली। नैसडैक में कारोबार के दौरान 6.4 फीसदी फिसल गया जो 2020 में कोरोना काल के बाद इसमें एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। इस गिरावट से निवेशकों के 2.5 ट्रिलियन डॉलर स्वाहा हो गए। नैसडैक अंत में 5.54 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। यह 6 अक्टूबर के हाई से 10 फीसदी नीचे आ चुका है। एसएंडपी 500 और डाउ जोंस ने भी अप्रैल 2025 के बाद अपनी सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की। अमेरिकी शेयर बाजार में आई गिरावट का असर ग्लोबल मार्केट पर भी दिखाई दे रहा है। साउथ कोरिया का मार्केट खुलते ही करीब 9 फीसदी गिर गया और कोस्पी इंडेक्स पर करीब 20 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शेयर बाजार में आई भारी गिरावट के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'रिजल्ट के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई है।

एलन मस्क ने एक दिन में गंवा दी 9% से ज्यादा दौलत, अमीरों की लिस्ट में ऊपर चढ़े मुकेश अंबानी

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी शेयर बाजार में गुरुवार को भारी गिरावट आई। निवेशकों को आशंका है कि मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स की भारी जीत के कारण एआई पर हो रहे खर्च पर लगाम लग सकती है। इससे बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली। इस गिरावट के कारण दुनिया के टॉप 10 अमीरों की नेटवर्थ भी फिसल गई। सबसे ज्यादा झटका एलन मस्क को लगा। दुनिया के सबसे बड़े रईस की नेटवर्थ एक झटके में 9 फीसदी से ज्यादा गिर गई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ में 79.7 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इसके साथ ही उनकी नेटवर्थ 785 अरब डॉलर रह गई है। मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का शेयर गुरुवार को 9.05 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि टेस्ला में 10.77 फीसदी गिरावट आई। वैसे इस साल मस्क की नेटवर्थ में 312 अरब डॉलर की तेजी आई है।

चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के शेयरों में भी भारी गिरावट आई। इससे कंपनी के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग की नेटवर्थ 15.1 अरब की गिरावट के साथ 151 अरब डॉलर रह गई और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर फिसल गए। डेल कॉरपोरेशन के माइकल डेल ने 19.4 अरब डॉलर गंवा दिए और उनकी नेटवर्थ 190 अरब डॉलर रह गई है।

ब्लिंकिट एंबुलेंस फ्री यूज करने में ग्लानि होती है जल्दी ही कर सकेंगे 'स्वैच्छिक भुगतान'

नई दिल्ली , एजेंसी। क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकइट की एंबुलेंस सेवा इन दिनों चर्चा में है। चर्चा की वजह ज़ोमैटो और ब्लिंकइट के फाउंडर दीपिंदर गोयल का एक ट्वीट है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्वीटर) पर गुरुवार को किए गए इस पोस्ट में उन्होंने कहा है कि अब ब्लिंकिट की सभी एंबुलेंस सेवाएं फ्री नहीं होंगी। क्योंकि लोग इस सेवा का उपयोग कम दुरुपयोग ज्यादा करते हैं। इसके बाद एक व्यक्ति ने कहा कि वह उनकी इमरजेंसी सर्विस का यूज करके प्रभावित हैं। वह इसके लिए भी पेमेंट करना चाहते हैं, लेकिन वह कंट्रीब्यूट नहीं कर पा रहे हैं।

गुरुवार, 5 नवंबर को दिन में सवा बारह बजे गोयल ने एक ट्वीट का जवाब दिया था। इस पोस्ट में कहा गया था कि ब्लिंकिट एंबुलेंस ने उनकी ग्रैंडमा का जीवन बचा लिया। वह लिखते हैं कि महज 8 मिनट में जिस तरह से उनका एंबुलेंस आया और त्वरित प्रोफेशनल सर्विस मिली, इस तरह की सेवा को किसी हॉस्पिटल के एंबुलेंस में भी नहीं मिलती। स्पर्श सहगल के इसी पोस्ट पर दीपिंदर गोयल ने लंबा-चौड़ा जवाब लिखा। उन्होंने लिखा 'मैंने ब्लिंकिट एंबुलेंस सेवा की शुरुआत सेवा भाव से की थी। बीते दो साल के दौरान इस सेवा का लाभ करीब 42,000 केसेज में उठाया गया। उनमें से महज 20,000 केसेज ही इमरजेंसी थे। बांकी रूटीन चेक-अप, हॉस्पिटल विजिट, अस्पताल से घर लौटने वाले मरीज थे। ऐसे मरीज आराम से उबर या किसी अन्य प्राइवेट ट्रांसपोर्ट का लाभ ले सकते थे। उनके लिए फुल्ली इक्विप्ड एंबुलेंस की कोई आवश्यकता नहीं थी। इसलिए अब सिर्फ इमरजेंसी ट्रांसफर ही फ्री होगी। नॉन-इमरजेंसी ट्रांसफर के लिए ढाई हजार रुपये चार्ज किए जाएंगे।

GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH
JAL SHAKTI DEPARTMENT
"Notice Inviting e-tender"

The Executive Engineer **Jal Shakti Vibhag Division Nalagarh** invites online tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work (s) through e-tendering process:-

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Stipulated Time Limit	Cost of tender Forms
1	**Name of Work: - Providing LIS to village Khateta Johri in GP Maan in Tehsil Arki District Solan HP** (Sub Head Construction of pump House including electrical works, construction of Sumpwell 50000 litrs capacity, Main Storage Tank MDT 50000 liters capacity, intake well, Laying jointing testing of GMS pipe in rising main conforming to IS 1239 Part-I of 150 mm dia laying Jointing and testing of GMS Pipe conforming to IS-1239 Part-1 of dia 125mm MG and laying jointing and testing of HDPE pipe conforming to IS 4984-2016 in distribution system construction of field out let assemblies Supply erection and testing of submersible and centrifugal pumping machinery along with allied accessories and construction of retaining wall and boundary wall around the pump house).	10211872/-	177200/-	One Year	5000/-

1 Last date of filing / uploading the tender through e-tendering: - **16-11-2026 upto 11:00 AM.** The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website **www.hpiph.org.**

HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK

Executive Engineer,
JSV Divn.Nalagarh,
District Solan (HP).

R.No. 4599/2026-2027

exicom
beautifully engineered™

एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड

सीआईएन: L64203HP1994PLC014541
पंजीकृत कार्यालय: 8, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, चंबाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश-173213, भारत
टेलीफोन: +91 124 6615 200, **ईमेल:** investors@exicom.in, **वेबसाइट:** www.exicom.com

पोस्टल बैलेट की सूचना

एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड (**"कंपनी"**) के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ने शुक्रवार, 6 नवंबर, 2026 को ई-मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को पोस्टल बैलेट सूचना (**"सूचना"**) भेजने का कार्य पूरा कर लिया है, जिनके नाम कट-ऑफ तिथि यानी **शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026** तक डिपॉजिटरी द्वारा प्रबंधित सदस्यों के रजिस्टर/लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज हैं और जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/या नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (**"सीडीएसएल"**) (सामूहिक रूप से **"डिपॉजिटरीज"** के रूप में संदर्भित) के साथ पंजीकृत है।

पोस्टल बैलेट का संचालन यथासंशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (**"नियम"**) के नियम 20 और नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 108 और 110 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और अन्य प्रासंगिक परिपत्रों (**"एमसीए परिपत्र"**), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक (**"एसएस-2"**), यथासंशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 (**"सूचीबद्धता विनियम"**) और किसी भी अन्य लागू कानून, नियमों और विनियमों (तत्समय लागू उसके किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन सहित) के अनुसार किया जा रहा है, जिसके द्वारा कंपनी केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से पोस्टल बैलेट (**"रिमोट ई-वोटिंग"**) द्वारा निम्नलिखित संकल्प के लिए अपने सदस्यों का अनुमोदन मांग रही है।

क्र.स.	संकल्प का प्रकार	संकल्प का विवरण
1.	विशेष संकल्प	या तो कंपनी की एक तात्विक अनुषंगी कंपनी एक्सिकॉम पावर सॉल्यूशंस बी.वी., नीदरलैंड में कंपनी की संपूर्ण शेयरधारिता की बिक्री के माध्यम से, या एक्सिकॉम पावर सॉल्यूशंस बी.वी. द्वारा लक्षित संस्थाओं में अपनी संपूर्ण शेयरधारिता की बिक्री के माध्यम से ट्रिटियम व्यवसाय के प्रस्तावित विनिवेश को मंजूरी देना।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में निम्नलिखित जानकारी और निर्देशों पर ध्यान दें:

1. कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि यानी **शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026** तक सदस्य नहीं है, वह केवल सूचना के उद्देश्य से इस नोटिस पर विचार करेगा।
2. एमसीए परिपत्रों के संदर्भ में, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री-पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे के साथ सूचना की भौतिक प्रतियां किसी भी सदस्य को नहीं भेजी जा रही हैं। तदनुसार, पोस्टल बैलेट के माध्यम से लेन-देन किए जाने वाले विशेष कार्य की मद के संबंध में सदस्यों की सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से व्यक्त की जाएगी।
3. यह सूचना कंपनी की वेबसाइट ***www.exicom.com*** पर भी उपलब्ध है और इसे स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड (**"बीएसई"**) ***www.bseindia.com*** पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**"एनएसई"**) ***www.nseindia.com*** से भी एक्सेस किया जा सकता है, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।
4. कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के लिए प्राधिकृत एजेंसी के रूप में 'नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड' (**"एनएसडीएल"**) की सेवाएं ली हैं। इसलिए, यह नोटिस एनएसडीएल की वेबसाइट ***www.evotingnsdl.com*** पर भी उपलब्ध है।
5. डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों और उन सदस्यों के लिए जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं किए हैं, ई-वोटिंग की प्रक्रिया के बारे में निर्देश सूचना के 'टिप्पणी' खंड में दिए गए हैं।
6. जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते को पंजीकृत/अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में उनके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में इसे पंजीकृत करें।
7. सदस्यों से अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (**"आरटीए"**)/डिपॉजिटरी और/या कंपनी के साथ प्रत्येक पत्राचार में अपना फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी उद्धृत करें।
8. ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

ई-वोटिंग प्रारंभ होने की अवधि	**शनिवार, 7 नवंबर, 2026 को 9:00 बजे पूर्वा. (भा.मा.स.)**
ई-वोटिंग समाप्ति की अवधि	**रविवार, 6 दिसंबर, 2026 को 5:00 बजे अप. (भा.मा.स.)**

9. सदस्यों से अनुरोध है कि वे रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

(क) कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि यानी 30 अक्टूबर, 2026 तक डिपॉजिटरी द्वारा प्रबंधित सदस्यों के रजिस्टर/लाभभोगी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही उपरोक्त अवधि के दौरान रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

(ख) इसके बाद एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग सुविधा को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और ई-वोटिंग अवधि के समापन के बाद वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ग) एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिए जाने के बाद, उसे बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(घ) निदेशक मंडल ने मेसर्स एमजेड एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज के पार्टनर सीएस मो. जफर, (सदस्यता संख्या एफ9184), प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलेट संचालित करने के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

10. पोस्टल बैलेट द्वारा ई-वोटिंग के परिणाम **मंगलवार, 8 दिसंबर, 2026** तक घोषित कर दिया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट ***www.exicom.com***, बीएसई की वेबसाइट ***www.bseindia.com*** और एनएसई की वेबसाइट ***www.nseindia.com*** और एनएसडीएल की वेबसाइट ***www.evoting.nsdl.com*** पर संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ प्रदर्शित किया जाएगा।

परिणाम सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 44 के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों को भी सूचित किए जाएंगे।

11. रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न या शिकायत के मामले में, सदस्य ***www.evoting.nsdl.com*** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध ***Frequently Asked Questions ('FAQs')*** तथा ***e-voting user manual for shareholders*** का संदर्भ ले सकते हैं या 022-48867000 पर कॉल कर सकते हैं या ***evoting@nsdl.com*** पर लिख सकते हैं।

एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
संगीता कर्नाटक
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 6 नवंबर, 2026
स्थान: गुरुग्राम